# कार्यालय प्रधानाचार्य, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय एवं नियंत्रक संलग्न चिकित्सालय, जयपुर

क्रमांकः 19197 / एफ / एमसी / ईजी / 2022 दिनांकः 27/04/22

## विज्ञप्ति

सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर में निम्नलिखित विभाग मे सीनियर रेजीडेन्ट के पद को पूर्णतः अस्थाई रूप से भरे जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क.स. | पद एवं विभाग | पद |
|---|---|---|
| 1. | सीनियर रेजिडेण्ट, स्त्री एवं प्रसुति रोग | 05 |

उक्त पदों की पात्रता एवं अन्य शर्तों का विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद की योग्यता | संबंधित विशिष्ठता मे एमडी / एम.एस. अथवा राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय / इण्डियन मेडिकल काउंसिल द्वारा निर्धारित समकक्ष योग्यता। (मय राजस्थान मेडिकल काउन्सिल अथवा इण्डियन मेडिकल काउन्सिल मे स्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र) |
| 2 | आयु सीमा | दिनांक 01.01.2023 को अधिकतम 45 वर्ष |
| 3. | कार्य की अवधि | सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर नियुक्ति अधिकतम एक वर्ष के लिए होगी । |
| 4. | आरक्षण | राज्य सरकार के नियमानुसार आरक्षण का लाभ देय होगा । |
| 5. | मानदेय / स्टाईपेण्ड | सीनियर रेजीडेन्ट को रूपये 70150 / –(स्थिर) स्टाईपेण्ड एवं नियमानुसार डी.ए. देय होगा |
| 6. | साक्षात्कार की तिथि एवं समय | उक्त पदों पर चयन हेतु दिनांक 13/05/2022 को प्रातः 10.00 बजे से साक्षात्कार आयोजित किये जायेंगे। |

**01. उक्त विज्ञापित पदो कि संख्या मे वृद्धि / कटौती कि जा सकती है।**

**सीनियर रेजीडेन्ट के पद के कर्त्तव्य एवं अन्य शर्तें :–**

1. सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर चयन एक वर्ष के लिए अस्थाई तौर पर किया जायेगा।
2. जो अभ्यार्थी चयन से पूर्व स्थाई / अस्थाई तौर पर अन्य विशिष्ठता / समान विशिष्ठता में कार्यरत हैं, उन्हें इस चयन पर कार्यग्रहण करने से पूर्व उस विशिष्ठता से त्याग पत्र देना होगा । राज्य सेवा मे कार्यरत / अन्य संस्थानो मे कार्यरत अभ्यार्थियो को अपने नियुक्ति अधिकारी द्वार जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के साक्षात्कार मे सम्मिलित नही किया जायेगा।
3. राजस्थान राज्य सेवा में कार्यरत अभ्यार्थियों को राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प.21(2)चिस्वा / 2 / 2019 दिनांक 02.04.2019 के अनुसार निर्धारित शर्तो के अनुरूप नियुक्ति / वेतन देय है ।
4. सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर कार्य पूर्णकालीन रेजीडेन्ट के रूप में करना होगा, जिसके लिए 15 दिवस का आकस्मिक अवकाश देय होगा इसके अतिरिक्त अवकाश लेने पर लिए गये अवकाश की अवधि का कोई स्टाईफण्ड एवं अनुभव प्रमाण पत्र देय नही होगा।
5. सीनियर रेजीडेंट महिला अभ्यार्थियों को राज्य सरकार के निर्देशानुसार सीनियर रेजीडेंसी के दौरान केवल एक बार अधिकतम 6 माह का प्रसूति अवकाश देय होगा ।
6. सीनियर रेजीडेन्ट को स्नातक विद्यार्थियों को शिक्षण प्रशिक्षण कार्य में भी भाग लेना होगा, जिसके लिए शिक्षक के रूप में उनके कार्य अनुभव की गणना की जावेगी जो भविष्य में यदि अभ्यार्थी चाहेगा तो उसे कार्य अनुभव प्रमाण पत्र दिया जा सकेगा ।
7. चयनित अभ्यार्थी हड़ताल आदि में सम्मिलित पाया गया तो उनकी सेवायें तत्काल प्रभाव से बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दी जावेंगी ।
8. सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर कार्यरत अभ्यार्थी न्यूनतम एक माह की अवधि का नोटिस देकर त्याग पत्र दे सकेंगे । एक माह का नोटिस नहीं देने की स्थिति में त्याग पत्र स्वीकृति से पूर्व एक माह का स्टाईपेण्ड राजकोष में जमा करवाना अनिवार्य होगा ।
9. **उक्त साक्षात्कार के परिणाम चिकित्सा शिक्षा विभाग की साईट पर जारी किये जायेंगे।**
10. साक्षात्कार की तिथि को किसी भी मेडिकल कॉलेज मे सीनियर रेजिडेण्ट के पद पर कार्यरत चिकित्सक उक्त पद हेतू आवेदन के पात्र नही होगे।

**आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों का विवरण –**

1. आवेदन पत्र के साथ अपनी नवीनतम प्रमाणित फोटो ।
2. सैकेण्डरी स्कूल परीक्षा के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु) ।
3. शैक्षणिक योग्यता की समस्त अंकतालिकाओं की प्रमाणित प्रतियां मय अटेम्प्ट प्रमाण पत्र एवं इंटर्नशिप प्रमाण पत्र ।
4. संस्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति (आर.एम.सी. / एम.सी.आई.) ।
5. जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति ।
6. अनुभव प्रमाण पत्र, यदि हो ।
7. महिला अभ्यार्थी के नाम अथवा उपनाम परिवर्तन के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र ।
8. रिसर्च पेपर / पब्लिकेशन / अवॉर्ड / शैक्षणिक अनुभव (यदि हो तो संलग्न करे)
9. राज्य सेवा मे कार्यरत / अन्य संस्थानो मे कार्यरत अभ्यार्थियो को अपने नियुक्ति अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र।

**चल साक्षात्कार हेतु आवेदन पत्र दिनांक** 13/05/2022 **को प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे । प्रातः 12.00 बजे बाद साक्षात्कार हेतु आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।**

अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा । उक्त पदों हेतु चयन शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा । आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में आरक्षित पद सामान्य वर्ग के अभ्यार्थी से भरा जावेगा । राजस्थान की अन्य पिछड़ी जाति की क्रिमिलेयर श्रेणी के अभ्यार्थियों को इस वर्ग हेतु आरक्षित पदों का लाभ देय नहीं है, अतः ऐसे आवेदकों को सामान्य श्रेणी का अभ्यार्थी माना जावेगा । ऐसा कोई अभ्यार्थी जिसके दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक सन्तान हो, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा । परन्तु दो से अधिक बच्चों वाले किसी भी अभ्यार्थी को नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं समझा जावेगा, जब तक कि 1 जून, 2002 को विद्यमान उसके बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं होती : परन्तु यह और कि जहां किसी अभ्यार्थी के पूर्वत्तर प्रसव से केवल एक बच्चा है किन्तु किसी एक पश्चात्वर्ती प्रसव से एक से अधिक बच्चे पैदा हो जाते हैं वहां बच्चों की संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुए बच्चों को एक इकाई समझा जावेगा । साक्षात्कार हेतु आने वाले अभ्यार्थियों को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।

-sd-
प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक

क्रमांकः 19197 / एफ / एमसी / ईजी / 2022 दिनांकः 27/04/22

प्रतिलिपि निम्न को भेजकर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1 शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राज0 जयपुर ।
2 संबंधित अधीक्षक, सलंग्न चिकित्सालय, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर ।
3 संबंधित आचार्य एवं विभागाध्यक्ष ।
4 शैक्षणिक अधिकारी, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर ।
5 नोडल आफीसर, कालेज वेबसाईट को भेजकर लेख है कि इस विज्ञापन को आज ही कालेज वेबसाईट पर डलवायें ।
6 निजी सचिव, प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक ।
7 महाविद्यालय नोटिस बोर्ड ।

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक

# आवेदन पत्र का प्रारूप

पद एवं विशिष्ठता का नाम जिसके लिए आवेदन किया है ____________________

वर्ग : सामान्य/महिला/अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0वर्ग/वि0पि0वर्ग ____________
(अपना वर्ग स्पष्ट अंकित करें)

अभ्यार्थी का नवीनतम प्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो

1. नाम

2. पिता/पति का नाम

3. जन्मतिथि (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

4. आयु (दिनांक 01.01.2023 को)

5. योग्यता

6. पत्र व्यवहार का पूरा पता
मय दूरभाष संख्या

7 राज्य सेवा मे कार्यरत **(हॉ/नही)**
(यदि हॉ तो अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करे)

8. शैक्षणिक योग्यता : (प्रमाण पत्रों एवं
अंक तालिकाओं की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)

| परीक्षा का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांकों का प्रतिशत | अटेम्प्ट की सं. |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष एम.बी.बी.एस. | | | | |
| द्वितीय वर्ष एम.बी.बी.एस. | | | | |
| तृतीय वर्ष एम.बी.बी.एस. (पार्ट–1) | | | | |
| तृतीय वर्ष एम.बी.बी.एस. (पार्ट–2) | | | | |
| एम.डी./एम.एस. | | | | |
| डीएम/एम.सी.एच. | | | | |

**नोटः–** रिसर्च पेपर/पब्लिकेशन/अवॉर्ड/शैक्षणिक अनुभव (यदि हो तो संलग्न करे।)

**आवेदक के हस्ताक्षर**

## घोषणा

मैं शपथपूर्वक बयान करता/करती हु किः–

01. यह कि मेरी पीजी दिनांक.................................... को पूर्ण हो चुकी है।
02. यह कि आज दिनांक .................................... को मै किसी भी मेडिकल कॉलेज मे सीनियर रेजिडेण्ट के पद पर कार्यरत नही हु।
03. मैं घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त समस्त सूचना मेरे ज्ञान से पूर्णतः सही एवं सत्य है । यदि कोई सूचना गलत/असत्य पायी जावे तो मेरा आवेदन/चयन निरस्त किये जाने की सहमति प्रदान करता/करती हूँ।

**हस्ताक्षर शपथकर्ता**